संख्या-270/2022/933/41-2022-22 (बजट)/ 2019

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 25 अप्रैल,2022**

विषयः- ग्राम अनौरा कला विकास खण्ड चिनहट लखनऊ स्थित पौराणिक स्थल इमली बान बाबा मंदिर के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-62/6-1-1(1008)/2018 दिनांक 06 अप्रैल, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,जिसके द्वारा ग्राम अनौरा कला विकास खण्ड चिनहट लखनऊ स्थित पौराणिक स्थल इमली बाग बाबा मंदिर सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 39.11 लाख का उपयोगिता प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेख उपलब्ध कराते हुए जी0एस0टी0 की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में शासनादेश संख्या-91/2019/583(2)/ 41-2019-22(बजट)/2019 दिनाँक 08.03.2019 द्वारा प्रश्नगत योजना हेतु उ0प्र0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यूपीसिडको) को कार्यदायी संस्था नामित करते हुये उसके द्वारा गठित आगणन के सापेक्ष धनराशि रू0 39.11 लाख की प्रशासकीय एवं प्रथम किश्त के रूप में रू0 12.00 लाख की तथा शासनादेश संख्या 59/2020/3975/41-2019-22 (बजट)/2019 दिनांक 18.02.2020 द्वारा प्रायोजना हेतु जारी की गई रू0 12.00 लाख को घटातें हुए अवशेष धनराशि रू0 27.11 लाख (रू0 सत्ताइस लाख ग्यारह हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गई थी। इस प्रकार अब तक कुल धनराशि रू0 39.11 लाख की पूर्ण धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

3. आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों/विवरण के परीक्षणोपरान्त प्रश्नगत प्रायोजना की निविदा लागत रू0 29.94 लाख है, जिस पर सेन्टेज चार्ज की धनराशि रू0 3.74 लाख लेबरसेस की धनराशि जमा रू0 0.30 लाख एवं जी0एस0टी0 मद में जमा की गयी वास्तविक संसूचित धनराशि रू0 4.19 लाख मिलाकार प्रयोजना की कुल लागत रू0 38.17 लाख हो रही है, जबिक उक्त प्रयोजना हेतु रू0 39.11 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। इस प्रकार प्रश्नगत प्रयोजना की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष रू0 0.94 लाख की धनराशि अधिक अवमुक्त हो चुकी है। अत: उक्त प्रयोजना हेतु कोई अवशेष राशि देय नहीं है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

4. अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया ग्राम अनौरा कला विकास खण्ड चिनहट लखनऊ स्थित पौराणिक स्थल इमली बान बाबा मंदिर सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु निर्गत की गयी धनराशि रू0 0.94 लाख (रूपये चौरान्नवे हजार मात्र) को नियमानुसार राजकोष में जमा कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
5- संयुक्त निदेशक,पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
8- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, लखनऊ।
9- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यू0पी0सिडको), लखनऊ।
10- अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेट कारपोरेशन लि0 (यू0पी0 सिडको), लखनऊ।
11- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से ,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।